प्रेस नोट थाना कोतवाली जनपद गोरखपुर दिनांक 26.10.2024

कूट रचित दस्तावेजों का प्रयोग कर अवैध हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट बेचने के आरोप में 01 नफर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट बनाने में प्रयुक्त उपकरण बरामद

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा धोखाधड़ी व लूट के अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये गये अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक नगर जनपद गोरखपुर के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी कोतवाली के पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक कोतवाली के नेतृत्व में उ0नि0 अरविन्द यादव मय पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 0214/2024 धारा 319(2), 318(4), 338, 336(3), 340(2),345(3), 61(2) भा0न्या0सं0 से संबंधित अभियुक्त संजय गर्ग को हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट बनाने में प्रयुक्त उपकरण के साथ गिरफ्तार किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का संक्षिप्त विवरण –

दिनांक 31.07.2024 को रोज मेरटा सेफ्टा सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड के रीजनल हेड/वादी मुकदमा द्वारा थाना स्थानीय पर तहरीरी सूचना दिया गया कि थाना क्षेत्र कोतवाली में फर्जी हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट बनायी जा रही है। उक्त सूचना पर अभियुक्त ऐहसान अली पुत्र जमीर अली निवासी ईस्लामिया रसूलपुर थाना गोरखनाथ जनपद गोरखपुर को अवैध हाई सिक्योरिटी नम्बर प्लेट बनाने में प्रयुक्त उपकरण के साथ गिरफ्तार किया जा चुका है। उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा उपरोक्त पंजीकृत किया गया था। पूछताछ व विवेचना के क्रम में अभियुक्त संजय गर्ग का नाम प्रकाश में आया था। दिनांक 24.10.2024 को अभियुक्त संजय गर्ग को जयपुर राजस्थान में गिरफ्तार कर 48 घण्टे के ट्रान्जिट रिमाण्ड लेकर वापस लाया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता -

संजय गर्ग पुत्र राम किशन गर्ग निवासी प्लाट नं015 एस 01 शांतिनगर जयपुर राजस्थान

गिरफ्तारी के अभियोग का विवरण-

मु0अ0सं0-0214/2024धारा 319(2),318(4),338,336(3),340(2),345(3),61(2) भा0न्या0सं0 -2023 थाना कोतवाली गोरखपुर

बरामदगी-

हाई सिक्यूरिटी नम्बर प्लेट फ्रंट व रियर, 01 अदद मोबाईल, 01 अदद पंचिंग मशीन, 01 अदद ड्रील मशीन, नम्बर प्लेट सुरक्षा उपकरण प्लास्टिक, स्नैप लाक 19 एमएम व 25 एमएम व साईन बोर्ड

गिरफ्तारी में शामिल टीम-

1. उ0नि0 अरविन्द यादव थाना कोतवाली जनपद गोरखपुर
2. उ0नि0 रविकान्त यादव थाना कोतवाली जनपद गोरखपुर
3. कां0 रामदेव थाना कोतवाली जनपद गोरखपुर